# अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मुजफ्फरपुर।

पत्रांकः– 505

प्रेषक,

दिनांकः– 28/3/22

अधीक्षण अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य अंचल, मुजफ्फरपुर।

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल महनार।

विषयः– वैशाली जिलान्तर्गत प्रखंड जन्दाहा में पंचायत राज मोहीउद्दीनपुर गराही में MMGSY द्वारा इमली चौक चकबाजो गराही से मनीष सहनी के घर होते हुए सनुपी सिंह के घर तक रोड में घटिया सामान से ढलाई और कालीकरण के संबंध में।

प्रसंगः– (i) विभागीय पत्रांक–2100 अनु0 दिनांक–29.06.2016।
(ii)इस कार्यालय का पत्रांक–1019 अनु0 दिनांक–01.08.2016।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक विभागीय प्रासंगिक पत्र के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–1019 अनु0 दिनांक–01.08.2016 द्वारा परिवाद में अंकित विन्दुओं के जांच हेतु योजना से संबंधित अभिलेख यथा MB, एकरारनामा की प्रति, प्राक्कलन, संबंधित J.E., A.E., E.E., का नाम उपलब्ध कराने हेतु तत्कालीन अधीक्षण अभियंता द्वारा निदेशित किया गया था, जो अभी तक अप्राप्त है। विभागीय पत्रांक–675 दिनांक–24.03.2022 द्वारा एक पक्ष के अन्दर स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए वांछित प्रतिवेदन की मांग की गई है।

अतः अनुरोध है कि श्री प्रेम कुमार सिंह, ग्राम–मुकुन्दपुर गराही, जिला–वैशाली एवं अन्य से प्राप्त परिवाद में उल्लेखित विन्दुओं की जांच एक पक्ष के अन्दर करते हुए जांच प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करें ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके। अन्यथा इसमें किसी प्रकार की विपरीत स्थिति के लिये आप जिम्मेवार माने जायेंगे। सुलभ प्रसंग हेतु विभागीय पत्रांक–2100 अनु0 दिनांक–29.06.2016 के साथ संलग्न परिवाद की प्रति संलग्न की जाती है। कृपया विभागीय पत्रांक–675 दिनांक–24.03.2022 का पूर्ण संज्ञान लेते हुए अनुपालन सुनिश्चित करें।

इसे अत्यावश्यक समझें।

अनु0:–यथोक्त।

विश्वासभाजन

26.3.22

अधीक्षण अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य अंचल
मुजफ्फरपुर।

28/3/22

Scanned with CamScanner

ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार सरकार

पत्रांक :– 3/अ0प्र0–1–64/2016 /पटना, दिनांक :–

प्रेषक,

उप सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग।

सेवा में,

**निबंधित**

अधीक्षण अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य अंचल, मुजफ्फरपुर।

विषय :– वैशाली जिलान्तर्गत प्रखंड जन्दाहा में पंचायत राज गोहीउद्दीनपुर गराही में एम0एम0जी0एस0वाई0 द्वारा इमली चौक चकवाजो गराही से मनीष सहनी के घर होते हुए सनुपी सिंह के घर तक रोड में घटिया सामान से ढ़लाई और कालीकरण के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक 2100 अनु0 दिनांक 29.06.2016, पत्रांक 2396 दिनांक 18.08.2017, पत्रांक 2120 दिनांक 24.08.2018 एवं पत्रांक 1575 दिनांक 14.06.2019

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम के तहत श्री प्रेम कुमार सिंह, ग्राम–मुकुन्दपुर गराही, जिला–वैशाली एवं अन्य से प्राप्त परिवाद की छायाप्रति संलग्न करते हुए परिवाद में उल्लेखित विन्दुओं की जाँच कर जाँच प्रतिवेदन साक्ष्य सहित समर्पित करने का अनुरोध किया गया था, जो अबतक अप्राप्त है।

अनेक बार स्मारित किये जाने के बावजूद वांछित प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया जाना विभागीय निदेश की अवहेलना एवं अनुशासनहीनता है। अतः इसके लिए क्यों नहीं आपके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ की जाय, के संबंध में स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के एक पक्ष के अंदर विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही वांछित प्रतिवेदन भी अपेक्षित है।

सुलभ प्रसंग हेतु प्रासंगिक पत्रों की छायाप्रति अनुलग्नक सहित संलग्न है।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन
23.3.22
(कृष्ण मोहन सिंह)
उप सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ0प्र0–1–64/2016 675 /पटना, दिनांक :– 24.3.22

प्रतिलिपि :–सहायक आई०टी० मैनेजर, मुख्य अभियंता–3 का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल मुजफ्फरपुर के ई–मेल पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

23.3.22
उप सचिव

MUZ-DRAFT/ RWD -2021